"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001"

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002"

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 19] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 13 मई 2005—वैशाख 23, शक 1927

भाग 3 (1)

विविध

निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 11 अप्रैल 2005

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 01/त.शा./2005-2006/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.— छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु समूहवार मुहरबंद निविदायें प्रपत्र सी में आमंत्रित की जाती है जो कि अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में दिनांक 12-5-05 को अपरान्ह 3.00 बजें तक छ. ग. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/निर्माता/उनके अधिकृत डीलरों से जिन्हें इस निविदा सूचना में वर्णित कार्य को करने में कुशलता प्राप्ति हो एवं उन्होंने कम से कम 50 हार्सपावर वर्टिकल टर्बाइन पंप एवं 50 हार्सपावर सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट को स्थापित करके सफलतापूर्वक संचालित करने का अनुभव प्राप्त हो, से प्राप्त की जावेगी. ऐसी फर्मों को जिनका पंजीकरण विभाग में नहीं है, कार्य आबंटन के एक माह के भीतर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकरण कराना होगा.

निविदा संबंधी निर्धारित तिथि (केवल खण्ड कार्यालय बिलासपुर में)

1.	कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय	:	09-05-2005 (कार्यालयीन अवधि)
2.	कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि एवं समय	:	10-05-2005 (कार्यालयीन अवधि)
3.	निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	:	12-05-2005 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	12-05-2005 (अपरान्ह 3.30 बजे तक)

कार्यों का विवरण

समूह क्र. (1)	कार्य का नाम (2)	ठेके की अनुमानित लागत (रु. लाखों में) (3)	धरोहर राशि (रुपये में) (4)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) (5)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु छोड़कर) (6)
1.	लोरमी आवर्धन योजना के अंतर्गत 3 फेस, 3 नग 440 वोल्ट सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट, हेड 30 मी. डिस्चार्ज 15 एल. पी. एस., प्राइम मुव्हर कन्ट्रोल, पैनल बोर्ड, स्टार्टर, मेन्स स्वीच, वोल्टमीटर, एमीटर, उपयुक्त केबल, पावरमीटर, कैपासीटर, सिंगल फेस प्रिवेन्टर, 40 वोल्ट, 20 के. वी. ए. वोल्टेज इस्टेबिलाइजर, सी. आई. नॉन, रिटर्न वाल्व, प्रेशर गेज, फुट वाल्व, जी. एम. फुल वेव वाल्व, सी. आई. डी. एफ. पाईप फिटिंग, बेस प्लेट सहित पूर्ण सामग्री का प्रदाय, (सक्शन एवं डिलिवरी पाईप सहित पंप स्थापना टेस्टिंग कार्य सहित मेक-किर्लोस्कर/ज्योति/क्राम्पटन/महिन्द्रा/टेक्समों आदि कार्य स्थल तक पहुंचाना.	2.25	2250/-	750/-	20 दिनों में
2.	गौरेला आवर्धन योजना के अंतर्गत 3 फेस, 4 नग 440 वोल्ट सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट, हेड 30 मी. डिस्चार्ज 15 एल. पी. एस., प्राइम मुव्हर कन्ट्रोल, पैनल बोर्ड, स्टार्टर, मेन्स स्वीच, वोल्टमीटर, एमीटर, उपयुक्त केबल, पावरमीटर, कैपासीटर, सिंगल फेस प्रिवेन्टर, 40 वोल्ट, 20 के. वी. ए. वोल्टेज इस्टेबिलाइजर, सी. आई. नॉन, रिटर्न वाल्व प्रेशर गेज, फुट वाल्व, जी. एम. फुल वेव वाल्व सी. आई. डी. एफ. पाईप फिटिंग, बेस प्लेट सहित पूर्ण सामग्री का प्रदाय, (सक्शन एवं डिलिवरी पाईप सहित पंप स्थापना टेस्टिंग कार्य सहित मेक-किर्लोस्कर/ज्योति/क्राम्पटन/महिन्द्रा/टेक्समों आदि कार्य स्थल तक पहुंचाना.	3.00	3000/-	750/-	30 दिनों में
3.	बोदरी चकरभाठा आवर्धन योजना के अंतर्गत 3 फेस, 2 नग 440 वोल्ट सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट, हेड 30 मी. डिस्चार्ज 15 एल. पी. एस., प्राइम मुव्हर कन्ट्रोल, पैनल बोर्ड, स्टार्टर, मेन्स स्वीच, वोल्टमीटर, एमीटर, उपयुक्त केबल, पावरमीटर, कैपासीटर, सिंगल फेस प्रिवेन्टर, 40 वोल्ट, 20 के. वी. ए. वोल्टेज स्टेबिलाइजर, सी. आई. नॉन, रिटर्न वाल्व, प्रेशर गेज, फुट वाल्व, जी. एम. फुल वेव वाल्व, सी. आई. डी. एफ. पाईप फिटिंग, बेस प्लेट सहित पूर्ण सामग्री का प्रदाय, (सक्शन एवं डिलिवरी पाईप सहित पंप स्थापना टेस्टिंग कार्य सहित मेक-किर्लोस्कर/ज्योति/क्राम्पटन/महिन्द्रा/टेक्समों आदि कार्य स्थल तक पहुंचाना.	1.50	2000/-	300/-	20 दिनों में

निविदा की शर्तें

1. निविदाएं निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रस्तुत की जानी चाहिये. निविदा प्रपत्र के क्रय हेतु आवेदन-पत्र कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बिलासपुर के कार्यालय में दिनांक 9-5-2005 या उसके पूर्व पहुंच जाना चाहिये. बाद के आवेदन-पत्र पर विचार नहीं होगा. आवेदन-पत्र के साथ निम्न जानकारी संलग्न होना अनिवार्य है. अन्यथा प्रपत्र प्रदान नहीं किए जायेंगे:

2.1 सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया पंजीयन प्रमाण-पत्र.

2.2 उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत होने का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र पंजीकृत ठेकेदार हेतु एवं पिछले बैलेंस शीट जो चार्टर्ड एकाउंटेंट के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक होगा, ख्याति प्राप्त निर्माता एवं उनके अधिकृत विक्रेता के लिए सभी दस्तावेज किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होना आवश्यक होगा अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा.

2.3 निविदा सूचना में वर्णित कार्यों जैसे पूर्व में किए गये एवं प्रगतिरत कार्यों की सूची संबंधित पूर्ण विवरण सहित.

2.4 कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी द्वारा सेन्ट्रीफ्यूगल पंपसेट के सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रशिक्षण एवं ट्रायल पर चलाने का अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है.

2.5 निविदा प्रपत्र डाक द्वारा भी प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिए आवेदक को निविदा प्रपत्र के अतिरिक्त डाक व्यय हेतु 50/- पचास रुपये मात्र अतिरिक्त भुगतान करने होंगे. डाक द्वारा भेजे गये निविदा प्रपत्र यदि समय पर अथवा सुरक्षित प्राप्त नहीं होते तो उसके लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी. निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 10-05-2005 को प्रदान किये जायेंगे एवं निविदा संबंधी अन्य विवरण अथवा जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय प्राप्त की जा सकती है.

2.6 नियत समय/दिनांक के पश्चात् अथवा धरोहर राशि उपयुक्त प्रारूप में न पाये जाने पर निविदा प्राप्त नहीं की जावेगी एवं उसे बिना खोले ही निविदाकार को वापस कर दिया जावेगा.

बैंक गारंटी एवं डिपाजिट एट काल रसीद धरोहर राशि के रूप में मान्य नहीं होगा. अमानत राशि केवल म. प्र. मैन्युवल के कंडिका क्रमांक 2.079 में वर्णित अमानत राशि ही मान्य होगा.

2.7 प्रदाय किये जाने वाले पंपिंग सेट का निरीक्षण D.G.S. & D./S.G.C./Rites द्वारा संबंधित आई. एस. कोड के अनुसार करवाकर एवं सत्यापित कर देना होगा.

2.8 समस्त विवादों का निपटारा सक्षम न्यायालय बिलासपुर में जिले के अंतर्गत किया जायेगा.

2.9 निविदा सूचना छ. ग. शासन के बेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tenders में भी उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार/फर्म उक्त विज्ञप्ति E-MAIL के माध्यम से Pramarao@e.g.nic. प्राप्त कर सकते हैं.

2.10 निविदा-पर की वैधता निविदा खुलने की दिनांक से 120 दिन तक वैध रहेगा.

हस्ता./-
कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बिलासपुर (छ.ग.).

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2005.